3. Project Code: SLC-303

Topic: " दिल्ली में दरगाहों की सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिति "

Project Investigators: डॉ. हेमंत कुकरेती (हिंदी विभाग), वी के बाजपेयी (पुस्तकालयाध्यक्ष), डॉ. प्रभात शर्मा (हिंदी विभाग)

Summary: इस शोध परियोजना का उद्देश्य दिल्ली की संस्कृति की प्रतीक रही सूफी दरगाहों के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्त्व को समझना-समझाना है । दिल्ली की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत में सूफी दरवेशों और मलंगो की मजारों का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है । भारत का मध्यकालीन इतिहास सूफी दरवेशो की कथाओं एवं उनके कलामों के बिना अधूरा हैं । सूफी साधक भारत की धार्मिक सदभावना एवं सहिष्णुता के प्रतीक रहे हैं । इन सूफी फकीरों की चौखटें सभी धर्मो और जातियों के लोगो के लिए हमेशा खुली रही । इन सूफी फकीरों में अनेक बहुभाषी, संगीत गायक, वादक, नृतक और ऊँचे दर्जे के ज्ञानी थे । ख्याल, तराना, बसीत, चतुरंग, कौल, कल्बाना, तिरवट, नवशोगुल, सुलेहा से लेकर सितार तबला और ढोलक तथा बेशुमार रागों का आविष्कार इन सूफियो ने किया । हिन्दुस्तानी भाषा विशेषकर खड़ी बोली के विकास में सूफियो की विशेष भूमिका रही हैं । अमीर खुसरो को खड़ी बोली हिंदी का प्रथम कवि माना जाता है । दिल्ली शहर आज आधुनिकता की चकाचौंध में अतीत की सांस्कृतिक विरासत को भुला बैठा है । अनेक दरगाह संरक्षण और देख- रेख के अभाव में जमींदोज हो चुकी हैं और कुछ जमींदोज होने की कगार पर है। महरौली, चिराग़ दिल्ली, करोल बाग, तुगलकाबाद, कनाट प्लेस आदि इलाकों में अनेक सूफी दरगाह उपेक्षित है या उनकों भारी क्षति पहुँची हैं ।

इस परियोजना कार्य का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने इतिहास, परंपरा और सांस्कृतिक मान्यताओं के प्रति जागरूकता का भाव पैदा करना हैं । दरगाहें जिस सांस्कृतिक विरासत को भाषा, संगीत, उत्सवों और कलाओं के माध्यम से अपने भीतर संजोय हुई है उनको परखना है । इन दरगाहों ने जिस मानवीयता, विश्वव्यापकता एवं धर्मनिरपेक्षता का सन्देश दिया था उसकी प्रासंगिकता को चिन्हित करना है ।

Detail of Students involved in Innovation Projects

Project No.	Project	Student's Name	Course's Name	Year
303	" दिल्ली में दरगाहों की सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिति " (Dr. Hemant Kukreti, Mr. V. K. Vajpayee and Dr. Prabhat Sharma)	Ira Tandon	B.A. (H) Economics	I
		Tammana Khatoon	B.A. (H) Hindi	I
		Saba Parveen	B.A. (H) Hindi	I
		Somil	B.A. (H) Hindi	I
		Anand Bedi	B.Sc. (H) Maths	III
		Ziaul Haq	B.Sc.(H) Chemistry	III
		Shubham Khanna	B.A. (H) Economics	II
		Nikhil Kumar	B.A. (H) Hindi	I
		Rahul Singh Rana	B.Sc. (H) Maths	III
		Ashish Goyal	B.A. (H) Economics	II